‘चंदेरी महोत्सव’ का शुभारंभ 5 अक्तूबर से

चर्चा में क्यों?

19 सितंबर, 2023 को प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति और प्रबंध संचालक म.प्र. टूरिज़्म बोर्ड शिवशेखर शुक्ला ने बताया कि अशोकनगर ज़िले के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल चंदेरी में ‘चंदेरी महोत्सव’ का औपचारिक शुभारंभ समारोह 05 अक्तूबर को होगा।

प्रमुख बिंदु

- शिवशेखर शुक्ला ने बताया कि प्रदेश की समृद्ध कला एवं संस्कृति को प्रचारित करने, स्थानीय स्तर पर रोज़गार के अवसर सृजित करने, विकासोन्मुखी गतिविधियों में स्थानीय समुदाय की भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चंदेरी महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।
- सनसेट डेजर्ट कैंप के सहयोग से आयोजित होने वाले महोत्सव के पहले संस्करण में लोक कला एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ ख्यात कालाकारों द्वारा लाइव संगीत की प्रस्तुति, डीजे नाइट्स और रोमांचित करने वाली साहसिक गतिविधियाँ भी होंगी। पर्यटकों को प्राकृतिक सौंदर्य के बीच लग्जरी ग्लैंपिंग का अनुभव मिलेगा।
- अशोकनगर ज़िला प्रशासन के सहयोग से हो रहे चंदेरी महोत्सव में क्षेत्र की समृद्ध विरासत और उत्कृष्ट हथकरघा परंपराओं को प्रदर्शित किया जाएगा।
- चंदेरी महोत्सव का औपचारिक शुभारंभ समारोह 05 अक्तूबर को चंदेरी किले पर होगा। प्रथम पाँच दिन विशेष आयोजन होंगे, जिसमें देशभर से आने वाले ट्रेवल एजेंट्स, टूर ऑपरेट्रर्स, होटेलियर सहित पर्यटन क्षेत्र से जुड़े अन्य हितधारकों को आमंत्रित किया जाएगा।
- चंदेरी पहुँचने वाले पर्यटक साहसिक गतिविधियों का आनंद ले सकेंगे, शाम को लक्ष्मण मंदिर में महा आरती होगी। महोत्सव में सांस्कृतिक एवं रोज़गारन्मुखी कार्यशालाएँ भी होंगी।
- डीजे नाइट्स और लाइट्स एंड साउंड शो, हॉट एयर बैलून ग्लो शो, विंटेज कार रैलियाँ और फोटोग्राफी वर्कशॉप जैसी गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी। टेंट सिटी में आने वाले पर्यटकों को चंदेरी से 4 किमी. दूर ‘वस्त्र एवं शिल्प पर्यटन ग्राम’प्राणपुर का स्थानीय भ्रमण भी करवाया जाएगा।
- लोग चंदेरी में साड़ियों को बनते देख सकेंगे, योग एवं मेडिटेशन सत्र रहेंगे। साथ ही मेला मैदान में क्रिकेट और वॉलीबॉल टूर्नामेंट जैसे विभिन्न आयोजन भी होंगे।
- मेहमानों के मनोरंजन के लिये सांस्कृतिक कार्यक्रम, कला प्रदर्शनी, लाइट एंड साउंड शो, हॉट एयर बलून ग्लो शो, डीजे नाइट, लाइव बैंड एवं म्यूजिक कॉन्सर्ट, योग एवं मेडिटेशन, विंटेज कार रैली, प्राणपुर गाँव भ्रमण, भील कला पर कार्यशाला, फोटोग्राफी कार्यशाला, बोटिंग, स्टोरी-टेलिंग सेशन, महा आरती, एडवेंचर, ग्रामीण एवं कृषि पर्यटन कार्यशाला, मोन्यूमेंट विजिट, फेशन शो, राजा रानी महल, कवि सम्मेलन, स्थानीय व्यंजनों पर कार्यशाला जैसी गतिविधियाँ होंगी।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/-chanderi-mahotsav-starts-from-5th-october